No. of Printed Pages : **2**

21BCOM4L2LH4

B.Com./BBA/BHM IV Semester Degree Examination, September/ October - 2023

HINDI BASIC

IV : Study of Indian Language

(NEP)

Time : 2 Hours | Maximum Marks : 60

नोट : *लिखावट शुद्ध और देवनागरी लिपि में हो।*

पठित पुस्तकें : (1) पचपन खंबे लाल दिवारे (2) मानक हिन्दी

I. **किन्हीं दस** प्रश्नों को चुनकर उत्तर लिखिए। **10x1=10**

(1) पचपन खंबे लाल दिवारे उपन्यास की लेखिका का नाम क्या है?

(2) हिन्दी दिवस किस दिन मनाते हैं?

(3) राजभाषा का अधिनियम कब लागू किया गया था?

(4) संविधान के अनुच्छेद 343 में क्या लिखा गया है?

(5) सुषमा के पिताजी किस बीमारी से पीड़ित थे?

(6) सुषमा की सहेली का नाम क्या है?

(7) सुषमा का शिक्षण कहाँ तक हुआ था?

(8) सुषमा विवाह करने के लिए क्यों मना करती है?

(9) पचपन खंबे लाल दिवारे उपन्यास कहाँ प्रकाशित हुआ है?

(10) हिन्दी भाषा की लिपि कौन सी है?

(11) हिन्दी कार्यान्वयन के लिए देश को भाषा के आधार पर कितने वर्गों में विभाजित किया गया है?

II. **किन्हीं दो** के संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। **2x5=10**

(1) जरा अपने दिल के अंदर झाँककर देखो कि तुमने मेरे लिए क्या किया है? मेरे आराम से रहना ही तुम्हें खटकता है। तुम शादी तय करो नीरू की, मैं अपने सारे गहने-कपड़े उठाकर दे दूँगी। यही तो तुम चाहती हो।

(2) ''ठीक है , तुम यही रहो, इन पचपन खंबों में बंदी होकर। मैं तुम्हारे बहकावे में आ गया था। मैं सोचने लगा था कि तुम्हारे लिए मैं ही सबकुछ बन गया हूँ। अब जाना की तुम्हारे पास खूबसूरत चेहरे के अलावा एक बहुत व्यवहारिक बुद्धि और अपना भला समझने वाला दिमाग भी है।''

(3) ''टैक्सी वापस कर दो मीनाक्षी, मैं नहीं जाऊँगी।''

P.T.O.

III. **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **2x5=10**

(1) पचपन खंबे लाल दिवारे उपन्यास की कथावस्तु को अपने वाक्य में लिखिए।

(2) पचपन खंबे लाल दिवारे उपन्यास में नील पात्र का चरित्र चित्रण कीजिए।

(3) राष्ट्रभाषा का महत्व, पर एक लेख लिखिए।

IV. **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए। **3x10=30**

(1) राजभाषा किसे कहते हैं? उसके अधिनियमों के बारे में विस्तार से लिखिए।

(2) बोली, विभाषा तथा बोलचाल की भाषा इन तीनों विषयों पर विस्तार से लिखिए।

(3) पचपन खंबे लाल दिवारे उपन्यास के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

(4) सुषमा का चरित्र चित्रण कीजिए।

- o 0 o -